प्रवेश को लेकर आईटीआई में छात्रों की जद्दोजहद

आईटीआई में भी निजीकरण की घुसपैठ, प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया फिर भी होता है भाई- भतीजावाद

नवभारत न्यूज

सतना, 25 जून. तकनीक शिक्षा के माध्यम से रोजगार और मुखी शिक्षा पाने के लिए छात्रों के साथ जो जद्दोजहद चर्चा में आ रही हैं उससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता जा सकता है तकनीक शिक्षा के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करने की सरकारी कहानी अधूरी है बताया जा रहा है कि तकनीक शिक्षा के निजीकारण के आधार में प्रवेश पाने वाले छात्रों के भविष्य के खेलवाड किया जा रहा है।

स्थानीय आईटीआई में प्रवेश की ऑनलाइन प्रक्रिया 26 मई से शुरू हो चुकी है। आवेदन करने और फॉर्म में किसी भी प्रकार का सुधार करने की अंतिम तिथि 30 जून तय की गई है। इसके ठीक बाद, 1 जुलाई को आवेदकों के लॉगिन पोर्टल पर %कामन रैंक% प्रदर्शित कर दी जाएगी। यदि किसी छात्र के प्राप्तांकों में कोई गलती या त्रुटि पाई जाती है, तो वे 1 व 2 जुलाई तक पोर्टल पर ऑनलाइन सुधार कर सकेंगे।

इस आईटीआई में वर्तमान में कुल 15 ट्रेड संचालित हो रहे हैं, इन ट्रेडों में कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट , इलेक्ट्रीशियन और फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्क मेंटेनेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, सोलर तकनीशियन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक ट्रैक्टर, मैकेनिक डीजल, वुड वर्किंग तकनीशियन (कारपेंटर) और फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी शामिल हैं, जिनमें कुल मिलाकर 500 सीटें उपलब्ध हैं।

तकनीकी शिक्षा के माध्यम से रोजगारोन्मुखी शिक्षा और बेहतर भविष्य का सपना देखने वाले छात्रों की परेशानियां इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई हैं। छात्रों को प्रवेश से लेकर प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों तक जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, उससे यह सवाल उठने लगा है कि तकनीकी शिक्षा के जरिए रोजगार उपलब्ध कराने की सरकारी व्यवस्था कितनी प्रभावी है। तकनीकी शिक्षा के बढ़ते निजीकरण के बीच अनेक संस्थानों में प्रवेश लेने वाले छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। ऐसे में रोजगार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दावों के बीच वास्तविक स्थिति को लेकर चिंताएं बढ़ती जा रही हैं।

एसएमएस से मिलेगी चयन की सूचना

प्रवेश की पहली चयन सूची 8 जुलाई 2026 को जारी की जाएगी। जिन छात्रों का चयन होगा, उन्हें सीधे उनके मोबाइल पर एसएमएस के जरिए सूचित किया जाएगा। प्रथम सूची के छात्रों को 8 से 10 जुलाई के बीच कॉलेज पहुंचकर अपना प्रवेश पक्का करना होगा। इसके बाद, अपग्रेडेशन के साथ दूसरी चयन सूची 16 जुलाई को जारी होगी, जिसके तहत चयनित छात्रों को 18 जुलाई 2026 को प्रवेश दिया जाएगा।

निजीकरण की जानकारी नहीं : अजय

शासकीय आईटीआई के प्रिंसिपल अजय सिंह बागरी ने बताया कि संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि प्रवेश की पहली चयन सूची 8 जुलाई को जारी की जाएगी, जिसके बाद रिक्त रहने वाली सीटों के लिए नियमानुसार आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। वहीं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में निजीकरण को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

सरकार देश के भविष्य के साथ धोखाधड़ी कर रही : सिद्धार्थ

कांग्रेस का शिक्षा की धोखेबाजी पर जनसंवाद का अभियान

नवभारत न्यूज

सतना, 25 जून. नीट की परीक्षा के नाम पर जो भविष्य के चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ किया गया.यह सुनियोजित साजिश है.सरकार जनता के साथ उसके देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है.सरकार की मंशा कुछ देने की नहीं है.वह सिर्फ दिखावा करना चाह रही है.यह बात कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कही.

स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि लोकसभा के नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश की जनता का ध्यान आकर्षित कराया है.इसके बाद विद्यार्थियों एवं युवाओं के ज्वलंत मुद्दों को लेकर कांग्रेस राष्ट्रव्यापी अभियान छात्रों की गूंज शुरू किया है.उन्होने बताया कि बच्चों के बढ़ रहे मानसिक तनाव का कारण सरकार की दोहरी नीति है.जिसे न अभिभावक समझ पा रहे न ही बच्चे.कांग्रेस इस विषय को लेकर शैक्षणिक संस्थाओं में संवाद का आयोजन कर इसके प्रति जागरूक करेगी.उन्होने बताया कि इस देश व्यापी अभियान में कांग्रेस के सभी संगठन खुलकर सहयोग करेंगे.श्री कुशवाहा ने जिले में नीट की परीक्षा में अनुपस्थित 322 बच्चों का जिक्र करते हुए कहा कि किन परिस्थितियों में इन बच्चों न परीक्षा छोड़ी होगी इसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता है.मऊगंज की आकांक्षा और सतना के ध्रुव गौतम के साथ क्या हुआ यह सब को मालूम है.सरकार की नियत में खोट है वह किसी को कुछ देना ही नहीं चाहती.इसीलिए हर दिन किसी न किसी परीक्षा का पेपर लीक हो रहा है.बच्चे और अभिभावक परेशान है.उन्होने बताया कि सरकार बच्चों से परीक्षा के नाम पर जितना पैसा वसूल रही है.उतना पैसा देश के शिक्षा के बजट में भी खर्च नहीं किया जा रहा है.

विधायक ने की संयम और सहयोग की अपील

श्री कुशवाहा ने सभी से संयम के साथ सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अब कांग्रेस यदि जरूरत हुई तो इसकी लडाई जमीन पर भी लड़ने के लिए तैयार है .देश के भविष्य के साथ इस प्रकार का अन्याय अब नहीं होने देंगे .चर्चा के दौरान शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दिकी,प्रदेश प्रवक्ता रितेश त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता अमित गोयल आदि उपस्थित थे .

निरीक्षण के दौरान छात्रावास की व्यवस्था पर नाराज हुए आयोग अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

सतना, 25 जून. शहर के कृष्ण नगर छात्रावास में गुरुवार को मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कैलाश जाटव के औचक निरीक्षण में अव्यवस्थाओं और वित्तीय गड़बड़ियों की परतें खुलती चली गईं।

निरीक्षण के दौरान आरओ मेंटिनेंस के नाम पर फर्जी बिल भुगतान, लाइब्रेरी में कबाड़, टूटे पलंग और मेस से गायब 12 पंखों का मामला सामने आया। नाराज आयोग अध्यक्ष ने तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं। आयोग अध्यक्ष के निरीक्षण की भनक लगते ही छात्रावास प्रबंधन ने वर्षों से बंद पड़े आरओ का प्लग बिजली बोर्ड में लगाकर उसे चालू दिखाने का प्रयास किया। जब कैलाश जाटव ने आरओ के मेंटिनेंस की जानकारी मांगी तो अधीक्षक रामप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि दो दिन पहले ही इसकी सर्विस कराई गई है। मेंटिनेंस की रसीद देखने पर 13 हजार रुपए का बिल सामने आया। इस पर अध्यक्ष ने संबंधित कंपनी से फोन पर जानकारी ली तो पता चला कि कंपनी ने केवल 4500 रुपए का बिल जारी किया था। वहीं छात्रों ने भी बताया कि आरओ लंबे समय से बंद पड़ा है और उसका उपयोग नहीं हो रहा था। मामले को गंभीर वित्तीय अनियमितता मानते हुए जांच के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी हाल का रास्ता बंद मिला। जब आयोग अध्यक्ष ने ताला खुलवाकर अंदर देखा तो वहां किताबों की जगह कबाड़ भरा हुआ था। लाइब्रेरी की व्यवस्था पूरी तरह नदारद मिली, जिससे छात्रावास प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए।

कलेक्टर को फोन कर दिए कार्रवाई के निर्देश

छात्रावास में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं से नाराज आयोग अध्यक्ष कैलाश जाटव ने मौके से ही कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस से फोन पर चर्चा की। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में सामने आई खामियों ने छात्रावास की व्यवस्थाओं और वित्तीय पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब जांच रिपोर्ट और प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।

नि :शुल्क नेत्र शिविर 28 को

सतना, 25 जून. अग्रवाल समाज सतना द्वारा श्री सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट जानकीकुंड के संयुक्त तत्वावधान में 28 जून रविवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर अमृत वाटिका सतना आयोजित हैं। प्रतिमाह होने वाला नेत्र शिविर प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक समाजसेवी घनश्याम दास गोयल के संयोजक एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न होगा। दवाइयां एवं नजर के चश्मो का होगा नि:शुल्क वितरण। आयोजक मंडल के पुरुषोत्तम अग्रवाल ने बताया कि नेत्र शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आंखों की जांच कर नजर के चश्मे का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा.

फायरिंग का फरार इनामी आरोपी धराया

नवभारत न्यूज+

सतना, 25 जून. जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने वाले फरार ईनामी आरोपी अमित उर्फ बंटा सोनी को कोलगवां पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया।

थाना प्रभारी कोलगवां सुदीप सोनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी हर्ष प्रताप सिंह सोमवंशी निवासी घूरडांग ने शिकायत कि थी कि अमित सोनी ने अपने साथियों के साथ जान से मारने की नियत से कुल 5 राउण्ड फायर किया। सिर नीचे कर लेने के कारण गोली बगल से निकल गई । इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पांच आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। जबकि आरोपी अमित उर्फ बंटा सोनी घटना से लगातार फरार चल रहा था जिसकी तलाश हेतु पुलिस टीमें लगाई की गई थी। जिनके द्वारा अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि फरार आरोपी अमित उर्फ बंटा सोनी सतना आ रहा है, पुलिस ने तत्काल घेराबंदी करते हुए बाईपास संगम ढाबा के पास से गिरफ्तार कर लिया।

विकास और पिछड़े वर्ग का नेतृत्व रास नहीं आ रहा कांग्रेस को : डॉ . स्वप्ना

नवभारत न्यूज

सतना, 25 जून. मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ स्वप्ना वर्मा का कहना है कि राज्य में धार्मिक स्थलों के हो रहे विकास, अन्य विकास योजनाएं और पिछड़े वर्ग का नेतृत्व कांग्रेस को रास नहीं आ रहा है।यही कारण है कि कांग्रेस झूठ और बेबुनियाद आरोप लगाकर षड्यंत्र रचने का काम कर रही है ।

महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ वर्मा ने एक बयान जारी कर कहा है कि मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में तेजी से प्रगति कर रहा है। निवेश, औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है मध्य प्रदेश। यही बात कांग्रेस को रास नहीं आ रही है। इतना ही नहीं भाजपा की पिछड़े वर्ग को प्रतिनिधित्व और नेतृत्व देने की पहल से कांग्रेस बौखलाई हुई है और इसीलिए कांग्रेस द्वारा षड्यंत्र रचा जा रहा है।

जिला चिकित्सालय में एक साथ गूंजी 3 किलकारियां

नवभारत न्यूज

सतना, 25 जून. जिला अस्पताल में बुधवार देर रात एक दुर्लभ प्रसव का मामला सामने आया, जहां 7 माह की गर्भवती महिला ने एक साथ तीन बच्चियों को जन्म दिया।

मामले का काबिलेगौर पहलू यह भी रहा कि जिला अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा गर्भवती की नॉर्मल डिलीवरी कराई गई। वहीं समय से पूर्व जन्म लेने और कम वजन होने के कारण तीनों नवजातों को एसएनसीयू में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

मेडिकल कॉलेज सतना के गायनी विभाग की एचओडी डॉ. मंजू सिंह ने बताया कि रामवन क्षेत्र के ग्राम सतरी निवासी प्रियंका साकेत पति दिवाकर साकेत को प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकीय जांच में पहले से ही यह स्पष्ट था कि महिला के गर्भ में तीन शिशु पल रहे हैं। जिला अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपाक्षी सिंह की देखरेख में सफल प्रसव कराया गया। हालांकि ऐसे मामलों में कई बार जान का जोखिम भी बढ़ जाता है लेकिन चिकित्सकीय टीम द्वारा सफल प्रयास किया गया। जिला अस्पताल में एक साथ तीन बच्चियों के जन्म की खबर चर्चा का विषय बनी हुई है। चिकित्सकों का कहना है कि ट्रिपलेट यानी एक साथ तीन शिशुओं की गर्भावस्था और उसका सफल नॉर्मल प्रसव अपेक्षाकृत दुर्लभ मामलों में गिना जाता है। जिला अस्पताल में इससे पहले भी ट्रिपलेट के कई मामले आ चुके हैं। करीब डेढ़ घंटे के अंतराल में तीनों बच्चियों का जन्म हुआ।

रेलवे स्टेशन पर बेखौफ घूम रहे अवैध वेंडर

ट्रेन रुकते ही हो जाते हैं सक्रिय

नवभारत न्यूज

सतना, 25 जून. विंध्य क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त रेलवे स्टेशनों में शामिल सतना रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरों की गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रेलवे प्रशासन भले ही समय-समय पर अवैध वेंडरों पर कार्रवाई और रोक लगाने के दावे करता रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है।

स्टेशन परिसर में खुलेआम सक्रिय अवैध वेंडर न केवल नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बने हुए हैं। करीब दो सौ ट्रेनों की आवाजाही वाले इस व्यस्त रेलवे स्टेशन पर जैसे ही कोई ट्रेन प्लेटफॉर्म पर पहुंचती है, अवैध वेंडर यात्रियों तक पहुंचने के लिए दौड़ पड़ते हैं। बिना किसी अधिकृत अनुमति के प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में घूमकर सामान बेचने वाले ये लोग नियमों को चुनौती देते नजर आते हैं। हैरानी की बात यह है कि उनकी गतिविधियों से रेलवे प्रबंधन भी अनभिज्ञ नहीं है, फिर भी स्थिति में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिल रहा है।

ऑक्टागोनल पोल से स्मार्ट सिटी को रोशनी का इंतजार

नवभारत न्यूज

सतना, 25 जून. स्मार्ट सिटी सतना में शहर की सुंदरता और प्रमुख मार्गों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा ऑक्टागोनल पोल लगाए गए थे।

इन पोलों के माध्यम से न केवल सड?ों को आकर्षक स्वरूप देना था, बल्कि रात के समय नागरिकों को सुरक्षित और बेहतर रोशनी उपलब्ध कराना भी लक्ष्य था। लेकिन आलम यह है कि पोल लगाए जाने के कई महीने बाद भी इनमें रोशनी शुरू नहीं हो सकी है। नगर निगम द्वारा गहरा नाला से सेमरिया चौक, सर्किट हाउस चौक, रेलवे स्टेशन मार्ग तथा पन्ना रोड सहित कई प्रमुख सड?ों के दोनों ओर ऑक्टागोनल पोल स्थापित किए गए हैं। इन पोलों पर लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन अब तक वे केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। रात के समय इनमें रोशनी नहीं होने से नागरिकों को योजना का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। शहर की प्रकाश व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए नगर निगम ने बड़ी राशि खर्च कर यह कार्य कराया था।

कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

ऑक्टागोनल पोलों के लंबे समय से बंद पड़े रहने के कारण नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों और विद्युत शाखा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि तकनीकी या प्रशासनिक कोई समस्या है तो उसकी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए। लेकिन अब तक इस संबंध में कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है।

मुख्यमंत्री की लोकप्रियता से कांग्रेस बौखलायी : भगवती

नवभारत न्यूज

सतना, 25 जून. भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव के भूमि खरीदी के सम्बन्ध मे लगाये गये आरोपो को पूरी तरह से झूठा अरै मनगढन्त बताते हुए कहा कि लगातार हो रही हार एवं मुख्यमंत्री की बढती लोकप्रियता से कांग्रेस नेताओ का मानसिक संतुलन पूरी तरह से बिगड़ चुका है।

यही वजह है कि अब मुख्यमंत्री पर व्यक्तिगत अरोप लगाने मे उतर आये है। पं. भगवती पाण्डेय ने जारी बयान मे कहा है कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव मे मुख्यमंत्री मोहन यादव ने चुनाव आयोग को दिये गये शपथ पत्र मे उनके पास जितनी जमीन होने का जिक्र किया गया था उसके बाद से आज तक उन्होने ऐसी कोई जमीन क्रय नही की जिस तरह के आरोप कांग्रेस नेता लगा रहे है।

चेम्बर का 61वां द्विवार्षिक अधिवेशन एवं आमसभा आज

नवभारत न्यूज

सतना, 25 जून. विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना का 61वां द्विवार्षिक अधिवेशन शुक्रवार 26 फरवरी 2026 को प्रात: 10:00 बजे स्थानीय ओम रिसोर्ट रीवा रोड सतना में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेश सिंह सांसद सतना, कार्यक्रम अध्यक्ष योगेश ताम्रकार महापौर सतना, विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ कुशवाहा विधायक सतना होगें।

चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन एवं मंत्री हरिओम गुप्ता ने बताया कि अधिवेशन परम्परानुसार दो सत्रों में सम्पन्न होगा प्रथम सत्र में द्विवार्षिक अधिवेशन में अतिथियों को मंचासीन कर दीप प्रज्जवलन व प्रगति पत्रिका का विमोचन आदि किया जाएगा। कार्यक्रम के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया जाएगा एवं नये सदस्यो को सदस्यता प्रमाण पत्र वितरित किये जायेगे। प्रथम सत्र के पश्चात् द्वितीय सत्र में आमसभा आयोजित की जाएगी जिसमें अंकेक्षित आय व्यय एवं अनुमनित आय व्यय का अनुमोदन किया जाएगा। आमसभा के पश्चात मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट के पी शर्मा के द्वारा चुनाव प्रक्रिया प्रारंम्भ की जाएगी। चुनाव नामांकन प्रक्रिया के बाद चुनाव निर्विरोध न होने की स्थिति में रविवार 28 जून 2026 को चेम्बर भवन सतना में प्रात: 08 बजे से शाम 5 बजे तक 3 बूथो में मतदान सम्पन्न होगा। मतदाता सूची के सीरियल क्रमांक 1 से 1000 अर्थात (रू-126) तक न्यू ब्लॉक के ऊपर हॉल मे मतदान होगा एवं 1001 (रू-127) से 1662 अर्थात (ङ्क-17) तक मतदान चेम्बर सभागार मे होगा। इसके पश्चात मतगणना अगले दिन सोमवार को सायं 4 बजे से प्रारम्भ होगी। मतदान के दिन पार्किंग की व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी।

अहिंसा, जीवदया और संयम दिगंबर जैन परंपरा के मूल आधार

सतना, 25 जून. दिगंबर जैन मुनियों की पिच्छी में प्रयुक्त मोरपंख मोरों की हत्या करके प्राप्त नहीं किए जाते, बल्कि मोर अपनी प्राकृतिक प्रक्रिया के अंतर्गत समय-समय पर स्वयं पंख छोड़ते हैं,उन्हीं स्वाभाविक रूप से गिरे हुए मयूर पंखों का उपयोग पिच्छी निर्माण में किया जाता है.

उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने पूर्व केन्द्रियमंत्री मेनका गांधी के उस बकतब्य की ओर दिया जिसमें उन्होंने कहा कि दि. जैन साधुओं की पिच्छीका बनाने में मोरों की हत्या की जाती है, मुनि श्री ने कहा कि दिगंबरसाधु-संतों के हाथ में प्रति समय पिच्छी का उपयोग अहिंसा, जीवदया और संयम की रक्षा के लिए किया जाता है। यह कोई नई परंपरा नहीं, बल्कि तीर्थंकर काल से चली आ रही प्राचीन परंपरा है। आचार्यों और मुनियों की इस परंपरा को तीर्थंकर भगवंतों ने सुरक्षित रखा है,और शास्त्रों में भी इसका उल्लेख मिलता है, उन्होंने कहा कि आप राजनैतिक और सामाजिक परंपरा से जुडे व्यक्तित्व है,किसी भी धार्मिक परंपरा के संबंध में वक्तव्य देने से पहले उसके शास्त्रीय आधार और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का अध्ययन भी करना चाहिए। अधूरी जानकारी के आधार पर दिए गए वक्तव्य से समाज में भ्रम उत्पन्न होता हैं, जिससे अनावश्यक विवादों का जन्म होता हैं।उन्होंने समाज से भी आग्रह किया कि नकारात्मक समाचारों को बढ़ावा देने के बजाय सही और सकारात्मक जानकारी जन-जन तक पहुँचानी चाहिए।आज मीडिया और संचार का युग है,इसलिए धर्म, संस्कृति और परंपराओं के बारे में तथ्य परक जानकारी लोगों तक पहुँचना आवश्यक है।मुनिश्री ने यह भी स्मरण कराया कि मोरपंख का महत्व केवल जैन परंपरा तक सीमित नहीं है। भारतीय संस्कृति के अनेक धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं में मोर पंख को आदर और सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।

एक नजर में

न्यायाधीश ने किया केंद्रीय जेल का निरीक्षण

सतना। केन्द्रीय जेल का गुरुवार को अमर सिंह सिसोदिया अष्टम जिला न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान न्यायाधीश द्वारा जेल लीगल एड क्लीनिक, फैक्ट्री कार्यालय, वी0सी0 कक्ष, जेल अस्पताल, जेल पुस्तकालय, आदिवर्त कला भवन, पाकशाला, नवीन खण्ड के अनुसुईया सेक्टर, महिला वार्ड का निरीक्षण किया गया। इसी कड़ी में न्यायाधीश द्वारा जेल अस्पताल में भर्ती बीमार बंदियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई व समुचित इलाज उपलब्ध कराये जाने निर्देशित किया गया। इसके अलावा उन्होंने जेल लीगल एड क्लीनिक में संधारित किये जा रहे अभिलेखों, जेल पुस्तकालय की पुस्तकों व संधारित अभिलेखों का अवलोकन भी किया।

अंतरराष्ट्रीय शोध-पत्रिका में शोध प्रकाशित

सतना। नैक प्रत्यायित एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के शोधकर्ताओं का शोधपत्र विश्वविख्यात शैक्षणिक प्रकाशन संस्था एमडीपीआई, स्विट्ज़रलैंड की प्रथम श्रेणी की स्कोपस-सूचीबद्ध अंतरराष्ट्रीय शोध-पत्रिका पर्यटन एवं आतिथ्य के खंड, अंक (2026) में प्रकाशित हुआ है। शोधपत्र के लेखक डॉ. चंदन सिंह, डॉ. ज़ाकिर होसेन शेख, डॉ. बिभू प्रसाद साहू, नितिन मिश्रा, आकाश गुप्ता, मोहित आनंद श्रीवास्तव तथा श्री अंकित कुमार गर्ग हैं।

25 जून को लिखा गया काला अध्याय : गणेश

सतना। 25 जून आपातकाल दिवस पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि आज ही के दिन सन् 1975 में इंदिरा गांधी ने भारत के लोकतंत्र का काला अध्याय लिखा था, आज के दिन को हमेशा लोकतंत्र के हत्या के रूप में तथा संविधान पर लगाए गए कलंक के रूप में याद किया जाता रहेगा, भारत के लोकतंत्र में संविधान सर्वोपरि है, जो विश्व का सबसे श्रेष्ठ संविधान है और यह देश की जनता के लिए बनाया गया है किंतु इंदिरा गांधी ने जनादेश तथा उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करते हुए सत्ता का दुरुपयोग करके देश में आपातकाल थोपने का काम किया था, राजनीति के जितने भी विपक्षी दल के नेता थे सबको रातों-रात जेल में डाल दिया गया, समाचार पत्रों की लेखनी बंद कर दी गई, जबरन नशाबंदी की गई तथा चारों तरफ अराजकता का माहौल बनाया गया, यह सिर्फ इसलिए की जनता ने मुझे भले ही हरा दिया हो लेकिन मैं देश के प्रधानमंत्री पद की कुर्सी नहीं छोड़ूंगी .